Bihar Judicial Service (Mains) 2018

General Hindi · compulsory paper

Time: 3 hours · Full marks: 100

प्रार्थक प्रश्न के अंक उनके सामने अंकित है|

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (40 Marks)

(क) सहकारिता
(ख) नशाबंदी
(ग) भ्रष्टाचार का उम्मूलन
(घ) पर्यावरण का महत्त्व
(ङ) संपर्क-भाषा के रूप में हिन्दी
(च) भारत में अनिवार्य सैनिक शिक्षा
(छ) राष्ट्रवाद
(ज) अन्नदाता किसान
(झ) परहित सरिस धर्म नहिं भाई।
परपीड़ा सम नहिं अधमाई।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में दीजिए: (10 Marks)

(क) प्रधान वाक्य क्या है?
(ख) उपवाक्य क्या है?
(ग) रचना की दृष्टि से वाक्य के कितने भेद है?
(घ) “तुम्हारा घर कहाँ है?” यह कौन-सा वाचक-वाक्य है?
(ङ) “राधा ने कहा कि यह स्कूल नहीं जाएगी।” इसमें उपवाक्य कौन-सा है?
(च) “आज आपका दर्शन हुआ”- यह वाक्य शुद्ध है या अशुद्ध ?
(छ) “वह घर लौट आया” यह वाक्य शुद्ध है या अशुद्ध?
(ज) “बाढ़ आयी और नदियाँ उफनाई”-इसमें कितने वाक्य है?

3. निम्नांकित में से किन्हीं पांच के लिए एक शब्द लिखिए: (5 Marks)

(क) आदर करने योग्य
(ख) शिक्षा देने वाला
(ग) विशेष रूप से जानने वाला
(घ) जिसका शत्रु जन्मा हो
(ङ) चार वेदों का ज्ञाता
(च) क्रम के अनुसार
(छ) को विज्ञान जानता है
(ज) जो दूसरे के अधीन है

4. निम्नलिखित में से किन्हीं पांच वाक्यों को शुद्ध कर पुनः लिखिए| (5 Marks)

(क) वह चारपाई में बैठा है।
(ख) राम और सीता वन गई।
(ग) चलता चलता बच्चा गिर पड़ा।
(घ) सीता से खाया नहीं जाती।
(ङ) गायों का दूध अच्छा होता है।
(च) उसने हाथ जोड़ दिया।

(छ) वह घर वापस लौट आये।
(ज) मैं खुद ही वहाँ जाऊँगा।

5. निम्नलिखित मुहावरों/कहावतों में से किन्हीं पांच का अर्थ करते हुए स्पष्ट उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए- (10 Marks)
(क) नाक कटना
(ख) मुँह में पानी भरना
(ग) दाँतों तले उंगली दबाना
(घ) गले लगाना
(ङ) पेट में चूहा दौड़ना
(च) अँगूठा दिखाना
(छ) घर का न घाट का
(ज) आपे से बाहर होना
(झ) चार दिन की चाँदनी
(ञ) किताबी कीड़ा

6. कर्ता के 'ने' चिन्ह का प्रयोग कहाँ-कहाँ होता है? सोदाहरण लिखिए| (10 Marks)
अथवा
अव्यय के कितने भेद हैं? सोदाहरण लिखिए।

7. पर्यायवाची शब्द से क्या समझते हैं? समझाइए। (10 Marks)
अथवा
संधि कितने प्रकार के हैं? उल्लेख कीजिए।

8. संज्ञा की परिभाषा लिखिए और उत्पत्ति की दृष्टि से संज्ञा के भेदों का सोदाहरण उल्लेख कीजिए। (10 Marks)
अथवा
क्रिया किसे कहते हैं? सोदाहरण समझाइए।